वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

प्रेषक : कुलसचिव,
वी०बी०एस०पू० विश्वविद्यालय, जौनपुर।

पत्रांक : 11336 / पू.वि.वि. / सामा०प्रशा० / 2025
दिनांक : 22 फरवरी, 2025

1. समस्त संकायाध्यक्ष / निदेशक / विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय परिसर

2. समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि०वि०, जौनपुर।

विषयः अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च, 2025 के अवसर पर दिनांक 28 फरवरी 2025 को आर्यभट्ट समागार रज्जू भइया संस्थान, समय 11:00 बजे से भाषण एवं नाट्य प्रस्तुति प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में ।

महोदय,

माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में माननीय कुलपति महोदया प्रो0 वंदना सिंह के संरक्षकत्व में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा 8 मार्च, 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 28 फरवरी 2025 को आर्यभट्ट सभागार रज्जू भइया संस्थान, समय 11:00 बजे से भाषण एवं नाट्य प्रस्तुति प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा ।

क. भाषण प्रतियोगिता जिसके विषय निम्नवत होगें समय 5 मिनट

1. दहेज प्रथा उन्मूलन
2. बाल विवाह पर प्रतिबंध
3. विकसित भारत की संकल्पना
4. वृद्धाश्रम की जरूरत क्यों है?
5. कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान

ख. नाट्य प्रस्तुति (नाट्य प्रस्तुति में 8 से 10 छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है) जिसके विषय निम्नवत होगें समय 10 मिनट

1. अहिल्या बाई होलकर
2. द्रौपदी वस्त्रहरण
3. राम वनवास
4. भरत मिलाप
5. श्रवण कुमार की अपने माता पिता के प्रति भक्ति
6. भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश

नोट : प्रतिस्पर्धा के विभिन्न चक्र निम्नानुसार होगे:–

प्रथम चक्र– विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जाएगा। इसके पश्चात उन विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जाएगा। ऐसे Stand alone विश्वविद्यालय (जिनके पास कोई सम्बद्ध महाविद्यालय नहीं है) के स्तर पर प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के विजेता को चिन्हित किया जाएगा ।

द्वितीय चक्र– 06 विश्वविद्यालयों के समूह में प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में चिन्हित विजेताओं के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी। 06 विश्वविद्यालय समूह में की जाने वाली प्रतिस्पर्धा में प्रत्येक समूह में प्रत्येक प्रतिस्पर्धा हेतु 02 (प्रथम व द्वितीय) विजेता घोषित किये जायेंगे ।

तृतीय चक्र– उत्तर प्रदेश राजभवन में प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा दिनांक 08.03.2025 को मा० कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी ।

नोट : उक्त समस्त प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करने के लिए दिए गए गूगल फॉर्म पर दिनांकः 27 फरवरी 2025 अपराह्न 02 बजे तक अनिवार्य रूप से पंजीकरण करें । गूगल फॉर्म लिंक

https://forms.gle/jqpLZ22XFCroUUMh8

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से संबंधित समस्त कार्यक्रमों एवं सूचनाओं के लिए दिए गए WhatsApp Groups से जुड़े। https://chat.whatsapp.com/B7AdYQJYM9IAr3xFTtulkI

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्तअधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक ।
2. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. समस्त उप / सहायक कुलसचिव।
4. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव